हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, रविवार, 16 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.7 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री

13 गर्मी में प्यास बुझाने के लिए लगवाया वाटर कूलर



14 सम्मान निधि की किस्त रुकी है तो करवाएं ई-केवाईसी



## खबर संक्षेप

### आश्वासन पर कर्मियों का धरना स्थगित

**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन द्वारा प्रस्तावित 18 जून से धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए यूनियन के पदाधिकारी ने कहा कि केन्द्रीय कमेटी की मीटिंग राज्य प्रधान कुलवंत शर्मा की अध्यक्षता में प्रमुख अभियंता आशिम खन्ना जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सैक्टर पंचकूला में हुई थी। इस मीटिंग में कर्मचारियों की मांगों को लेकर आश्वासन दिया गया, जिसके उपरांत धरना स्थगित कर दिया गया है।

### अमरजीत हत्याकांड में एक और आरोपी काबू

**सोनीपत।** गांव सबौली में ट्रांसपोर्टर अमरजीत हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सेक्टर-15 निवासी सुरेंद्र है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। सबौली निवासी अमरजीत ट्रांसपोर्ट का काम करते थे। वह 21 अप्रैल को अपने भतीजे हरीश के साथ नरेला होटल पर खाना लेने जा रहे थे। इसी दौरान गांव का रहने वाले गोलू, नरेंद्र, आशीष और उनके दोस्त ने उन पर हमला किया था। ट्रांसपोर्ट के कामकाज को लेकर अमरजीत के साथ बहस में वारदात की थी। पुलिस ने झज्जर के गांव लडरावन के रहने वाले मुकेश, राहुल और सबौली के आशीष को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में अब सुरेंद्र की गिरफ्तार किया है।

### ट्रक में भरा सामान बेचने का आरोपी चालक काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने ट्रक में भरा हुआ सामान बेचने के मामले में आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के गोंडा फिलहाल दिल्ली के सोनिया गांधी कैंप नारायण फेस निवासी रामनिवास उर्फ राजनिवास है। 31 मई को कुंडली के ट्रांसपोर्टर जगमाल ने शिकायत दी थी कि उन्होंने 27 मई को ट्रक में सामान लोड करवाकर चालक राजनिवास वजीरपुर पहुंचाने के लिए भेजा था। 28 मई को वजीरपुर स्थित फैक्टरी से फोन आया कि उनके पास अभी सामान नहीं पहुंचा। उन्हें बाद में पता चला कि चालक राजनिवास सामान बेचकर गाड़ी को उसके ट्रांसपोर्ट के पास कुंडली प्याऊ मनियारी में खड़ा करके भाग गया। इस पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब पुलिस ने आरोपी राजनिवास को गिरफ्तार करके दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### पांच हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** हमला करने के मामले में इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली के टिकरी कलां निवासी अक्षय उर्फ बंटी है। गांव रेवली निवासी इंद्रजीत ने शिकायत दी थी कि उनके साले शास्त्री नगर सोनीपत निवासी मंदीप को कुछ युवकों ने चोटें मारी है। वह रिश्तेदारों के साथ मौके पर पहुंचे तो मंदीप खून से लथपथ पड़े थे। मंदीप ने बताया था कि सलारपुर माजरा निवासी गोविंद्र, गोविंद्र के ममेरे भाई विजय, रामकरण, पंडित, अक्षय व शामिर ने मिलकर उनपर लाठी, डंडों, फरसे, कस्सी से हमला किया था। आरोपी अक्षय पर 14 मई को पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। उसे रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

### चोरी करने के मामले में एक और आरोपित काबू

**सोनीपत।** गांव सेरसा स्थित घर में चोरी करने के मामले में कुंडली थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जींद जिले के गांव खटकड़ निवासी अजय है। 17 मई को शीशराम ने शिकायत दी थी कि वह 16 मई की रात को परिवार के साथ खाना खाकर सो गए थे। सुबह उठे थे अलमारी व संदूक से आभूषण चोरी हुए मिले। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### हैबीटेट क्लब में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया योग का प्रशिक्षण

- पुलिस लाइन ग्राउंड में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

21 जून को आयोजित किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों को आयुष विभाग के योग सहायकों द्वारा योगा का प्रशिक्षण दिया गया। लघु सचिवालय स्थित हैबीटेट क्लब में आयोजित तीन दिवसीय योगा प्रशिक्षण का शनिवार को समापन किया गया।

इस दौरान नगराधीश पूजा कुमारी ने बताया कि 21 जून को जिला पुलिस लाइन ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसके साथ-साथ सभी खंड स्तर पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शनिवार को आयोजित योग प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट, नेहरू युवा केन्द्र स्टाफ एवं इच्छुक जन-साधारण सहित 630 प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए योग की क्रियाएं का प्रशिक्षण लिया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर उपायुक्त कार्यालय से पीए एवं सहायक सुनील, आयुष विभाग से डॉ. रजनीश वर्मा, डॉ. अमित सिंह, जिला योग विशेषज्ञ संगीता देवी आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** योग प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सीटीएम एवं अन्य।

### पबसरा की जमीन में बनाया जाएगा पावर हाउस : वीरेन्द्र

**राई।** गांव मनौली, खुर्मपुर तथा पबसरा में बिजली को लेकर आ रही समस्या को लेकर गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह के ओएसडी वीरेन्द्र बढखालसा से मुलाकात की। जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए ओएसडी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर इन समस्याओं के समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए। ओएसडी ने बिजली विभाग के कर्मचारी मुरारी के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि गांव मनौली में एक पावर हाउस बनना है और उसके लिए जमीन की जरूरत है, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए ओएसडी ने ग्रामीणों से बात की और पावर हाउस के लिए गांव पबसेरा में जमीन दिलवाई, जिससे पावर हाउस बनने की राह में आ रही परेशानी का समाधान हुआ। ओएसडी ने बिजली की समस्या के समाधान के लिए हर गांवों में पांच लोगों की कमेटी गठित करवाते हुए बिजली अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर गांव की इस कमेटी के साथ बैठकर बिजली की समस्याओं के बारे में जाने और उनका तुरंत समाधान करवाएं।

- तीन गांव की बिजली की समस्या को दूर करने के लिए उठाया कदम

# नशे से अनमोल जीवन को मत करें नष्ट : बलवान सिंह



**गोहाना।** यात्रियों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए एसआई बलवान सिंह।

- नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत जीआरपी ने यात्रियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शनिवार को नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत गोहाना के रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की टीम ने रेल यात्रियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। यात्रियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए और स्वयं के साथ अपने बच्चों को भी इससे दूर रहने की सलाह दी गई।

यात्रियों ने भी जीआरपी के इस सराहनीय काम की सराहना की। जीआरपी के उप निरीक्षक (एसआई) बलवान सिंह ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। अभिभावक स्वयं नशे से दूर रहें और अपने बच्चों को भी इसकी लत से बचाएं। युवा नशे से दूर रहकर खेलों और पढ़ाई की तरफ ध्यान दें। नशा न केवल जीवन को नष्ट करता है बल्कि यह एक सामाजिक बुराई भी है। नशेड़ी व्यक्ति की सामाजिक छवि खराब हो जाती है। इस अवसर पर एएसआई सुरेंद्र कुमार व एचसी अशोक कुमार भी मौजूद रहे।

# एनआरआई बेटा-बेटी से मिलकर लौटी थी वृद्धा, घर में हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

**दो-तीन दिन पहले हुई थी मौत, बदबू आई तो पड़ोसियों ने दी सूचना**

प्रभु नगर में वृद्धा का शव घर के अंदर मिला है। शव कमरे में रखे सोफे पर मिला है। महिला एक सप्ताह पहले एनआरआई बेटा-बेटी से मिलकर अमेरिका से लौटी थीं। शव को देखकर आशंका जताई जा रही है कि महिला की मौत दो-तीन दिन पहले हुई है।

पड़ोसियों को बदबू आई तो सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। प्रभु नगर निवासी राज वर्मा (85) के पति की मौत कई साल पहले हो चुकी है। इसके बाद वह अपने बेटे और बेटी के पास अमेरिका में रह रही थी। राज वर्मा एक सप्ताह पहले ही अमेरिका से वापस प्रभु नगर स्थित घर लौटी थी। करीब चार दिन पहले पड़ोसियों से उनकी बातचीत भी हुई थी। अब दो-तीन दिन से वह दिखाई नहीं दे रही थी। पड़ोसन छत पर टंकी में पानी देखने के लिए चढ़ी तो उसे घर के अंदर से बदबू आई। उसने आसपास के लोगों को अवगत कराया। घर का मुख्य दरवाजा भी अंदर से बंद था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो राज वर्मा कमरे में रखे सोफे पर मृत पड़ी थी।

मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाई गई। महिला की मौत करीब दो-तीन दिन पहले होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। थाना शहर के जांच अधिकारी दलजीत का कहना है कि महिला के रिश्तेदारों और बेटे-बेटी को भी अवगत कराया। उनके आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# कांग्रेस शासन में प्रदेश में प्रत्येक वर्ग था खुशहाल

- रिटायर्ड एम्पलाइज कांग्रेस सैल की कांग्रेस भवन में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज भाजपा सरकार से प्रत्येक वर्ग परेशान है। कर्मचारियों पर आयेदिन नई नीतियां लागू कर उनको मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में बनी कांग्रेस सरकार में प्रत्येक वर्ग खुशहाल था, आज भी कांग्रेस सुशासन को प्रदेश की जनता याद कर रही है। जिसके परिणामस्वरूप ही लोकसभा चुनाव में देवतुल्य जनता ने कांग्रेस पार्टी को भरपूर आशीर्वाद दिया है। विधायक सुरेंद्र पंवार जिला कांग्रेस भवन सोनीपत में रिटायर्ड एम्पलाइज कांग्रेस सैल की बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी को संबोधित कर रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

बता दें कि कांग्रेस भवन सोनीपत में रिटायर्ड एम्पलाइज कांग्रेस शैल का जिला सम्मेलन हुआ। इसमें सैकड़ो की तादात में रिटायर्ड एम्पलाइज शामिल हुए ,और सोनीपत जिला कमेटी मैं 31 सदस्य पदाधिकारी जिला स्तरीय बनाए गए। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पवार उपस्थित हुए और रिटायर्ड एंप्लाइज सेल के प्रदेश अध्यक्ष महावीर मालिक और विधायक सुरेंद्र पवार ने सभी जिला पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र वितरित किए। सम्मेलन में रिटायर्ड इंप्लाइज सेल के जिला अध्यक्ष देवेंद्र मलिक को बनाया गया। बलराज आंचल को जिला महासचिव और डॉ. सुभाष भनवाला को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और राजेंद्र राठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सम्मेलन में राज्य कमेटी की ओर से स्टेट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राज सिंह हुड्डा, उपाध्यक्ष ऋतुराज, प्रदेश महासचिव मेहर सिंह टाइगर, राज्य महासचिव रामनिवास दुहन, राज्य पप्पू, नरेंद्र आन्तील, जोरा सिंह, बिजेंद्र मलिक पार्षद, राजेश दहिया, राज्य उपाध्यक्ष आजाद सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।



**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार नवनियुक्त पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए।

# क्रांतिकारी तारकनाथ को जयंती पर किया नमन

- स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई थी तारकनाथ ने : जयनारायण गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सत नगर में शनिवार को क्रांतिकारी तारकनाथ दास की 140वीं जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने नारकनाथ दास के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। यह समारोह आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में हुआ। मुख्य वक्ता गोपाल कृष्ण गौशाला के संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष जय नारायण गुप्ता ने कहा कि तारकनाथ दास भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक थे। उनका जन्म 15 जून 1884 को बंगाल के 24 परगना जिले में हुआ था। अरविंद घोष सुरेंद्रनाथ बनर्जी तथा चितरंजन दास उनके घनिष्ठ मित्र थे। जयंती समारोह के लिए सानिध्य मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया का रहा। अध्यक्षता मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। दांगी ने कहा कि तारकनाथ दास देश भक्ति के रंग में ऐसे रंगे की अनुशासन समिति तथा युगांतर पार्टी के कार्यों में बढ़ चढकर भाग लेने लगे लेकिन अंग्रेज पुलिस इनके पीछे पड़ गई। युवा तारकनाथ 1905 ईस्वी में साधु का वेश बनाकर तारक ब्रह्मचारी के नाम से जापान चले गए। उन्होंने देश को आजाद करने के लिए यूरोप और एशिया के अनेक देशों की यात्रा की और इस महान देश भगत का 22 दिसंबर 1958 को अमेरिका में देहांत हो गया। इस अवसर पर सतवीर पौड़िया, मास्टर रमेश मेहता, राजपाल कश्यप, हर भगवान चोपड़ा, सुभाष शर्मा, अनुज कनौजिया, उधम सिंह तथा बलवान सिंह सहित अन्य नागरिकों ने क्रांतिकारी तारकनाथ दास को श्रद्धांजलि दी।



**गोहाना।** क्रांतिकारी तारकनाथ दास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

### चोरी की बाइक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम नें चोरीशुदा बाइक सहित 3 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी गांव मातंड निवासी रिंकू उर्फ काला पुत्र बाला राम, गोहाना निवासी हैप्पी उर्फ सोनू पुत्र अशोक व गोहाना की ईदगाह कालोनी निवासी इशरार उर्फ भूरा पुत्र इदरिश हैं। पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया। गत 13 जून को ईदगाह कालोनी निवासी रासिद पुत्र रमजान ने थाना शहर गोहाना में बाइक चोरी होने की शिकायत दी थी। उसने ईदगाह कालोनी चौक पर अपनी सप्लेंडर बाइक खड़ी थी जहां पर इस मोहल्ले की लगभग सभी बाइकें खड़ी की जाती हैं। यही से उसकी बाइक चोरी कर ली गई थी। पुलिस को सीसीटीवी कैमरा में रिकार्डिंग के माध्यम से पता चला कि उसकी बाइक को इशरार उर्फ भूरा पुत्र इदरिश चोरी करके ले गया है। पुलिस ने इस घटना में इशरार उर्फ भूरा सहित उपरोक्त दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार करके चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है।

# एसो. प्रोफेसर के डिबेट कार्ड से एक लाख रुपये निकाले

**कार्यालय में रखा पर्स चोरी कर लिया गया था चोरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित बीआर आंबेडकर विधि विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर का कार्यालय में रखा पर्स चोरी कर लिया। पर्स में ढाई हजार रुपये की नकदी थी। इतना ही नहीं चोर ने उनके डेबिट कार्ड से एक लाख रुपये की नकदी भी निकाल ली। पीड़िता की शिकायत पर राई थाना पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। डॉ. विधि मदान चड्ढा ने राई थाना पुलिस को बताया कि वह बीआर आंबेडकर विधि विवि में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। वह शुक्रवार को विवि स्थित कार्यालय में मौजूद थीं।

वहां से किसी ने उनका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में उनका डेबिट कार्ड, ढाई हजार, आधार कार्ड व अन्य कागजात थे। पर्स चोरी कर उनके डेबिट कार्ड से एक लाख रुपये निकाल लिए गए। नकदी एसबीआई के राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित एटीएम से नकदी निकाली गई है।

उन्होंने मामले से राई थाना पुलिस को अवगत कराया। राई थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### खेल विवि के डिप्लोमा धारकों के लिए राहत भरी खबर

# पीजीडीएससी को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता

- खेल विवि में प्रवेश के लिए 15 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति एवं पूर्व डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा घोषणा की गई है कि हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई (सोनीपत) द्वारा दिया जाने वाला खेल कोचिंग का डिप्लोमा (पीजीडीएससी) अब प्रतिष्ठित संस्थान नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल (एनआईएस), पटियाला और देश भर के अन्य यूजीसी-मान्यता प्राप्त खेल विश्वविद्यालयों द्वारा दिए जाने वाले खेल कोचिंग डिप्लोमा के बराबर माना जाएगा। यह ऐतिहासिक निर्णय खेल शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति एवं पूर्व डीजीपी अशोक कुमार ने सरकार के इस निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि यह मान्यता हमारे विश्वविद्यालय और हमारे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी, यह खेल कोचिंग में शीर्ष स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के हमारे संकल्प और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की बदौलत संभव हो पाया है। कुलपति ने बताया कि विश्विद्यालय राष्ट्रीय और अंतरर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए छात्रवृत्ति और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए शुल्क माफ़ी भी प्रदान करता है ।इन छात्रवृत्तियों और शुल्क माफी का उद्देश्य असाधारण प्रतिभा और अपने खेल के प्रति समर्पण वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए है।



**राई।** खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति एवं पूर्व डीजीपी अशोक कुमार जानकारी देते हुए।

### प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाई

अब हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र दाखिले के आवेदन फॉर्म 15 जुलाई तक भर सकेंगें। समतुल्यता, विद्यार्थियों को अन्य प्रमुख संस्थानों के स्नातकों के बराबर ही भविष्य बनाने और आगे बढने में सक्षम बनाएगी।

### मायके आई महिला ने भाई पर लगाया हवाई फायर का आरोप

**गोहाना।** गांव चिड़ाना में अपने मायके आई महिला ने अपने भाई पर घर में दो हवाई फायर करने का आरोप लगाया। भाई ने पहले गाली दी और उसके बाद जान से मारने की धमकी भी दी। गांव धनाना की राजेश पत्नी राज कुमार ने बताया कि उसका मायका गांव चिड़ाना हैं। उसका एक भाई नीरज अविवाहित है जबकि अनिल व दिनेश शादीशुदा हैं। वह सप्ताह पहले अपने माता-पिता से मिलने के लिए गांव चिड़ाना में अपने घर आई थी। शुक्रवार को वह, उसकी मां व भाई अनिल के बच्चे घर के आंगन में बैठे थे। उसी समय नीरज आया और वह उसे व उसकी मां को गाली देने लगा। इसके बाद पिस्तौल से दो हवाई फायर किए। वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।



# एमएफ में 8-4-3 का नियम तो खटाखट बढ़ेगा पैसा

- म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए यह एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी
- हर माह 21,250 निवेश करेंगे तो 8 साल में 33.37 लाख बनेंगे
- 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचाने में कामयाब होंगे
- धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करें

*निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रणनीति में यह अनुमान लगाया जाता है कि निवेश सालाना किस दर से बढ़ेगा। इससे कम्पाउंडिंग की ताकत को समझने में मदद मिलती है और निवेशक आसानी से अपना पैसा बढ़ा लेता है।*

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

पैसा आज की सबसे बड़ी जरूत है। हर किसी को पैसा चाहिए। पैसा बढ़ाने का कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन थोड़ी सावधानी के साथ निवेश किया जाए तो आप कंपाउंड का लाभ लेकर आसानी से कुछ ही समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं और करोड़पति बन सकते हैं। हर कोई करोड़पति बनने की चाहत रखता है। इसे पर्सनल फाइनेंस में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जाता है। अक्सर लोग पूछते हैं कि करोड़पति बनने के लिए क्या करना होगा? क्या 1 करोड़ रुपये जमा करने के लिए कसि तय समय की जरूरत है? क्या इतनी रकम जोड़ पाना संभव है? इन सभी सवालों का जवाब 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल में है। दरअसल, किसी भी फाइनेंशियल टारगेट तक पहुंचने के लिए आपके हाथ में जरूरी समय होना चाहिए। इसके लिए तय समय तक एक निश्चित रकम का निवेश करने की जरूरत होगी। अनुशासन और चक्रवृद्धि की ताकत (कम्पाउंडिंग पावर) से समय के साथ अपनी बचत को दोगुना या तिगुना करना मुमकिन है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि म्यूचुअल फंड में 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल क्या है। निवेशक क्यों इसे निवेश की सबसे लोकप्रिय स्ट्रैटजी बता रहे है। यह नियम कैसे पैसा बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है।

### क्या है 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल

म्यूचुअल फंड की दुनिया में 8-4-3 रूल बढ़ते निवेश में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दर्शाने में मदद करता है। इसके जरिये एक करोड़ रुपये या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल एक कॉन्सेप्ट है। इसका इस्तेमाल समय के साथ आपके निवेश को बढ़ाने में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दिखाने के लिए किया जाता है। अगर हम इसे ध्यान से देखें तो यह कोई निवेश रणनीति नहीं है, बल्कि ग्रोथ की संभावित रफ्तार को समझने का एक सरल तरीका है। निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### कैसे लागू होता है 8-4-3 का नियम?

पहले 8 सालों में आप अपने निवेश में स्थिर बढ़ोतरी देखते हैं। फिर अगले 4 सालों (वर्ष 9-12) में निवेश की ग्रोथ पहले 8 सालों के बराबर हो सकती है। यानी आपने पहले 8 सालों में जितना पैसा बनाया वह 4 साल में बनने लगता है। फिर अंतिम 3 सालों (वर्ष 13-15) में निवेश की बढ़ोतरी पिछले 4 सालों जितनी हो सकती है।

### पूरा कॉन्सेप्ट ऐसे समझें

- निवेश में 8-4-3 रूल के असर को समझने के लिए एक उदाहरण लेते हैं। मान लेते हैं कि आप ऐसे किसी इंस्ट्रूमेंट में पैसा लगाते हैं, जिसमें 12 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि ब्याज मिलता है। इसके जरिये हर महीने 21,250 रुपये का निवेश करके आप 8 साल में 33.37 लाख रुपये तक पहुंच सकते हैं। इसी तर्ज पर निवेश करते हुए अगले 4 साल में आप और 33 लाख रुपये अर्जित कर लेंगे। यानी पहले के मुकाबले इस बार आधा समय लगता है। बाकी 33.33 लाख रुपये सिर्फ तीन वर्षों में बचाए जा सकते हैं।
- इस तरह 15 साल के बाद आप 1 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएंगे। लगातार निवेश के साथ 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचा सकते हैं। यानी यह छह सालों में आपकी 1 करोड़ रुपये की राशि को दोगुना कर देगा।
- 22वें साल तक आप सिर्फ एक साल में 33 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। इसका श्रेय चक्रवृद्धि ब्याज को जाता है। ध्यान दें कि इस उदाहरण में वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज का इस्तेमाल किया गया है।

### यह भी अहम

बदलती बाजार स्थितियों और रुझानों के साथ अपने निवेश को समायोजित करना महत्वपूर्ण है। यह गतिशील दृष्टिकोण जोखिमों को कम करने और अवसरों को भुनाने में मदद करता है। 8-4-3 नियम को समझने से विश्वसनीय दीर्घकालिक निवेशों के बारे में जानकारी मिलती है। इस नियम का पालन करने से जोखिम कम हो सकता है, महंगाई से बचाव हो सकता है और बाजार के अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है। बाजार की स्थिति चाहे जो भी हो, धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करना संभव है।

## स्मॉल-कैप फंड में निवेशकों का भरोसा बरकरार, बन रहे रिकॉर्ड

- मई में 2,724 करोड़ का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ ज्यादा
- इक्विटी एमएफ में मई महीने में निवेश 84% तक बढ़ा
- इक्विटी में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा
- लोगों ने सेक्टोरल व थेमेटिक फंड्स में खूब निवेश किया
- इस दौरान सेक्टोरल/थेमेटिक फंड्स में 272% इनफ्लो बढ़ा
- हालांकि, डेट म्यूचुअल फंड में नेट इनफ्लो 78% हुआ कम

जानकारी

बिजनेस डेस्क

इक्विटी म्यूचुअल फंड खासकर स्मॉल कैप फंडों में लोगों का उत्साह जारी है। तभी तो बीते मई महीने के दौरान इस निवेश में जोरदार बढ़त देखने को मिली। स्मॉल-कैप फंड में लगातार दूसरे महीने निवेशकों का रुझान बढ़ता दिखा। मई में 2,724 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ रुपये से अधिक है। ईएलएसएस और फोकस्ड फंड को छोड़कर सभी इक्विटी कैटेगरी ने मई में पोजिटिव इनफ्लो हुआ। हालांकि, ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड में ओवरऑल इनफ्लो मई में 54% घटकर 1.11 लाख करोड़ रुपये रह गया, जबकि अप्रैल में यह 2.40 लाख करोड़ रुपये था। वहीं देखा जाए तो इक्विटी म्यूचुअल फंड भी मई में 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने यानी अप्रैल के मुकाबले 83 फीसदी अधिक है। इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में 18,917 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।




**डेट फंड से पैसे निकाले :** बीते महीने डेट म्यूचुअल फंड में नेट इन्फलो में अच्छी-खासी गिरावट देखी गई। अप्रैल में यह 1.89 लाख करोड़ रुपये पर था जो कि मई महीने में 78% गिरकर 42,294 करोड़ रुपये रह गया। शॉर्ट-ड्यूरेशन फंड, मीडियम-ड्यूरेशन फंड, डायनेमिक बॉन्ड फंड, क्रेडिट रिस्क फंड, गिल्ट फंड और फ्लोटर फंड में निवेशकों ने पैसा निकला। फ्लोटर फंड (546.41 करोड़) और क्रेडिट रिस्क फंड( 540 करोड़) में सबसे अधिक निवेशकों ने पैसे निकाले।

### एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा। एसआईपी के जरिए मंथली कांट्रिब्यूशन बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया। यह अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन स्कीम्स में मंथली निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

### निवेशकों को मिला मौका

मई में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान बीच-बीच में शेयर बाजार में करेक्शन हुआ। इस करेक्शन ने निवेशकों को बाजार में कुछ खरीदारी का मौका दिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में वापस आने की उम्मीद ने भी निवेशकों की खरीदारी को बढ़ावा दिया। आखिर कर एनडीए की सरकार भी बन गई।

### अब तक का सबसे अधिक निवेश

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मई महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में अब तक का सबसे अधिक निवेश हुआ है। इसकी वजह न्यू फंड ऑफर (एफएफओ) और सेक्टोरल/थेमेटिक स्कीम में 272% की मजबूत वृद्धि देखी गई। इन स्कीम्स में मई में 19,213.43 करोड़ रुपये का इनफ्लो रहा। अप्रैल में यह 5,166.05 करोड़ रुपये था। मई महीने में एनएफओ के जरिए निवेश बढ़कर 10,140 करोड़ रुपये हो गया है। अप्रैल में 1,536 करोड़ से यह काफी अधिक है।

## म्यूचुअल फंड स्कीम, मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को दे रही टक्कर

- सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में सुरक्षित भी
- इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी निवेश की कई कटेगरी
- लार्जकैप, मिडकैप व स्मॉलकैप फंड के जरिए निवेश
- रिटर्न देने में भी किसी से पीछे नहीं है एमएफ

आप भी निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं तो जरा ठहरिये। निवेश से पहले एक बार बाजार का रुख देख लें। अपनी रिस्क क्षमता और लक्ष्य का चुनाव कर लें। क्योंकि पैसा कमाने का कोई छोटा रास्ता नहीं होता है। हां अब धैर्य और प्लानिंग के साथ निवेश किया जाए तो आपको कुछ ही समय में पैसे वाला बना सकता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करते समय अलर्ट रहें, ताकि आपको नुकसान न हो। क्या आपको किसी स्कीम या विकल्प में पैसा लगाकर सिर्फ एक साल में 60 फीसदी या 70 फीसदी रिटर्न मिला है। जब इतने हाई रिटर्न की बात होती है मन में अक्सर स्टॉक मार्केट का ध्यान सबसे पहले आता है, लेकिन बहुत से निवेशक स्टॉक मार्केट में शामिल रिस्क को देखकर डर जाते हैं या उन्हें स्टॉक मार्केट की बहुत अच्छी जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे निवेश का फैसला नहीं ले पाते, लेकिन एक और विकल्प है, जो स्टॉक मार्केट की तुलना में काफी हद तक सुरक्षित माना जाता है और रिटर्न देने के मामले में भी कहीं से पीछे नहीं है। हम बात कर रहे हैं म्यूचुअल फंड बाजार की, जहां कई ऐसी स्कीम मौजूद हैं, जिनका एक साल का रिटर्न 65 फीसदी से 77 फीसदी रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं म्यूचुअल फंड कर कुछ ऐसी स्कीम जो मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को भी कड़ी टक्कर दे रही हैं। इन योजनाओं में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और कम समय में ही अमीर यानी करोड़पति भी बन सकते हैं।

योजना

बिजनेस डेस्क

### वर्ष में रिटर्न देने में टॉप स्कीम

- क्वांट मिडकैप फंड : 76.53%
- बंधन स्मॉलकैप फंड : 71.95%
- आअर्टीआई मिडकैप फंड : 71.80%
- एबीएसएल निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स : 71.09%
- क्वांट लार्ज एंड मिडकैप फंड : 69.62%
- आईटीआई स्मॉलकैप फंड : 67.98%
- आईसीआईसीआई प्रू भारत 22 एफओएफ : 67.32%
- क्वांट स्मॉलकैप फंड : 66.18%
- बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड : 65.54%
- जेएम फ्लेक्सी कैप फंड : 65.34%

### सीधे स्टॉक में पैसा लगाने से ज्यादा सुरक्षित

बाजार के जानकारों के अनुसार म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर विकल्प है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं, कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं।



### फंड मैनेजर की देखरेख में होता है निवेश

म्यूचुअल फंड की एक और खासियत है कि इसमें कुशल फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले। किसी एक स्टॉक में पैसा लगाने की बजाए फंड मैनेजर अलग-अलग सेक्टर के मजबूत फंडामेंटल वाले शेयरों का चयन करता है। इसमें एक और सुविधा है कि अगर एकमुश्त पैसा नहीं लगाना चाहते तो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए मंथली बेसिस पर निवेश कर सकते हैं।

### लगातार बढ़ रही है पॉपुलैरिटी

म्यूचुअल फंड्स की लोकप्रियता निवेशकों में बढ़ रही है। एएमएफआई के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश 84 फीसदी उछलकर रिकॉर्ड 34,670.9 करोड़ रुपये हो गया, जबकि अप्रैल में 18,888 करोड़ रुपये रहा। सेक्टोरल फंड्स में मंथली बेसिस पर 272 फीसदी इनफ्लो बढ़ा है। डेट म्यूचुअल फंड्स में 42,295 करोड़ का निवेश आया। म्यूचुअल फंड में न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के जरिए 10,140 करोड़ का निवेश आया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम मंथली बेसिस पर 2.9 फीसदी बढ़कर 58.91 लाख करोड़ हो गया है।

### मई में यह रहा इनफ्लो

मई 2024 में इक्विटी कैटेगरी में फ्लेक्सी फंड्स में 3,155.07 करोड़ का इनफ्लो रहा। स्मालकैप फंड्स में 2,724.67 करोड़, मल्टीकैप फंड्स में 2,644.88 करोड़, मिडकैप फंड्स में 2,605.70 करोड़, लार्च एंड मिड कैप में 2,396.91 करोड़, वैल्यू/कॉन्ट्रा फंड में 1,404.34 करोड़, लार्ज कैप में 663 और डिविडेंड यील्ड फंड में 445.2 करोड़ का इनफ्लो हुआ।

### इसलिए करें म्यूचुअल फंड में निवेश

आप किसी भी दिन कितने भी म्यूचुअल फंड खरीद और बेच सकते हैं, जबकि यह बैंक एफडी, पीपीएफ या बीमा को आप सरकारी छुट्टी या रविवार को नहीं खरीद बेच सकते हैं। म्यूचुअल फंड आपको कम निवेश में कई स्टाक और बांड लेने की सुविधा देता है। आप जिस म्यूचुअल फण्ड में निवेश करते हैं उस फण्ड में से किसी एक जगह पैसा नहीं लगाया जाता है।

**अलर्ट** इंश्योरेंस बीमा खरीदते समय अक्सर इसे निवेश समझ बैठते हैं, इसके कारण लंबी अवधि में काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है

## बीमा और निवेश को नहीं करें घालमेल, वरना होगा नुकसान
## फायदे में रहना है तो निवेश व बीमा हमेशा अलग-अलग रखें

**निवेश के लक्ष्य से भटकें नहीं, पैसा बढ़ाने के लिए हमेशा धैर्य रखें और आगे बढ़ते जाएं**

वित्तीय प्लानिंग

बिजनेस डेस्क

इंश्योरेंस कवरेज यानी बीमा और निवेश को (घालमेल) करना ठीक नहीं है। ऐसा करने से आप अपने निवेश के लक्ष्य से भटक जाएंगे और काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बीमा और निवेश के अपने अपने लाभ हैं। इसलिए दोनों को अलग-अलग ही रखें और अपनी जरूतों को पूरा करें। अक्सर लोग पॉलिसी खरीदते समय सबसे बड़ी भूल कर बैठते हैं वह है इंश्योरेंस प्लान में उसकी मेच्योरिटी वैल्यू या निवेश पर रिटर्न की तलाश करना। दरअसल, ऐसी सोच एक बड़ी गलतफहमी का नतीजा है, जो बड़ी संख्या में लोगों को रहती है। ये गलतफहमी है बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखने की। बीमा खरीदने वाले मैच्योरिटी बेनिफिट और रिटर्न को एक्स्ट्रा बेनिफिट की तरह देखते हैं तो निवेश करने वाले इंश्योरेंस को अतिरिक्त लाभ मान लेते हैं, लेकिन सच यह है कि बीमा और निवेश में घालमेल करने की यह मानसिकता लंबी अवधि में आर्थिक तौर पर भारी नुकसान करा सकती है। इसलिए बीमा करवाते और निवेश करते समय यह ध्यान रखें।

### बीमा को निवेश समझना क्यों गलत

जानकारों का मानना है कि सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखना गलत है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब आप अपने पैसे कहीं निवेश करते हैं, तो आप वहां से रिटर्न हासिल करने की उम्मीद करते हैं। इसी उम्मीद की वजह से लोग बीमा कंपनी को दिए गए प्रीमियम के बदले में रिटर्न या मेच्योरिटी बेनिफिट खोजने लगते हैं। इसी चक्कर में वे कम कीमत में ज्यादा कवरेज देने वाले टर्म प्लान को रिजेक्ट करके ऐसे एंडोमेंट प्लान को चुन लेते हैं, जिनमें उन्हें जीवित रहने पर सर्वाइवल बेनिफिट के तौर पर कुछ पैसे मिल जाते हैं। उन्हें लगता है कि टर्म प्लान खरीदने में कोई फायदा नहीं है, क्योंकि उसमें कोई सर्वाइवल बेनिफिट नहीं मिलता है। ऐसा सोचने वाले निवेशकों को यह ध्यान नहीं रहता कि एंडोमेंट पॉलिसी में उन्हें काफी ऊंचा प्रीमियम देने के बावजूद कम कवरेज से काम चलाना पड़ता है, जबकि प्योर टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी उन्हें बेहद कम प्रीमियम में अच्छा-खासा कवरेज देती है। टर्म इंश्योरेंस जीवन बीमा का सबसे सस्ता और सबसे अच्छा रूप है, क्योंकि जीवन बीमा का मकसद रिटर्न पाना नहीं, आर्थिक सुरक्षा हासिल करना है।



### कैसे लें पूरा लाभ

अगर बीमा और निवेश को अलग-अलग रखना है, तो दोनों का पूरा लाभ लेने का सही तरीका क्या होगा? आखिर अगर आप एंडोमेंट प्लान के लिए ऊंचा प्रीमियन भरने को तैयार हैं, तो बेहतर होगा अगर आप उसी रकम को दो हिस्सों में बांट लें। एक हिस्सा टर्म प्लान के जरिए बड़ा इंश्योरेंस कवरेज खरीदने पर खर्च करें और बाकी रकम को किसी इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करें। इस तरह आप उतनी ही रकम खर्च करके ज्यादा कवरेज हासिल कर लेंगे और निवेश की सही रणनीति अपनाकर ऊंचा रिटर्न भी ले पाएंगे।

### इसे ऐसे समझें

अगर 30 साल का व्यक्ति अगर 65 साल की उम्र तक कवरेज देने वाले 1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीदना चाहे तो उसका सालाना प्रीमियम महज 12 हजार रुपये से शुरू होता है। जबकि एंडोमेंट प्लान में इतना ही कवरेज खरीदने के लिए उसे सालाना करीब 2.80 लाख रुपये का प्रीमियम देना पड़ेगा। इस प्लान में उसे 65 साल की उम्र में यानी 35 साल बाद 1 करोड़ रुपये का सम एश्योर्ड, 1.68 करोड़ रुपये का बोनस और 2.30 करोड़ रुपये का फाइनल बोनस एडिशन मिलाकर मैच्योरिटी बेनिफिट के तौर पर कुल 4.98 करोड़ रुपये मिलेंगे. जबकि 35 साल में उसने करीब 98 लाख रुपये प्रीमियम के तौर पर चुकाए होंगे. यानी अपने निवेश पर करीब 4 करोड़ रुपये का लाभ होगा। ये कैलकुलेशन एक प्रमुख बीमा कंपनी के एंडोमेंट प्लान कैलकुलेटर पर आधारित हैं।

### टर्म प्लान + म्यूचुअल फंड का कंबिनेशन

अब जानते हैं कि 30 साल का वही निवेशक अगर सालाना 2.80 लाख रुपये की उसी रकम को टर्म प्लान और इक्विटी म्यूचुअल फंड में बांटकर निवेश करे, तो क्या होगा? क्या वो एंडोमेंट प्लान के मुकाबले ज्यादा कवरेज और रिटर्न दोनों हासिल कर सकता है? 30 साल का व्यक्ति चाहे तो करीब 20 हजार रुपये के सालाना प्रीमियम में ऑनलाइन पोर्टल्स के जरिए 2 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीद सकता है। बाकी बचे 2.60 लाख रुपये अगर 21,666 रुपये के मंथली एसआईपी के जरिए हर साल ईएलएसएस में निवेश किए जाएं, तो 12 फीसदी के कंजर्वेटिव सालाना रिटर्न के आधार पर भी 35 साल में उसके निवेश की कुल वैल्यू 14.07 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी, जबकि इन 35 वर्षों के दौरान उसकी तरफ से निवेश की गई कुल रकम करीब 91 लाख रुपये होगी। यानी उसे अपने निवेश पर करीब 13 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा होगा। वो भी एंडोमेंट प्लान के मुकाबले दोगुना इंश्योरेंस कवरेज खरीदने के बाद।

### बेहतर कवरेज के साथ हाई रिटर्न

यह कैलकुलेशन किसी खास स्कीम के आधार पर नहीं, बल्कि ऑनलाइन इंश्योरेंस पॉलिसी बेचने वाले पोर्टल पर दिए शुरुआती प्रीमियम के मोटे अनुमान पर आधारित है। इसलिए पॉलिसी खरीदते समय वास्तविक रकम इससे थोड़ी-बहुत अलग हो सकती है। फिर भी टर्म प्लान और एंडोमेंट प्लान के प्रीमियम के बीच भारी अंतर तो बना ही रहेगा। एंडोमेंट प्लान का एक बड़ा नुकसान यह भी है कि भारी प्रीमियम की वजह से कई बार लोग जितना इंश्योरेंस लेना चाहिए, उतना नहीं खरीद पाते हैं, जिसका खामियाजा किसी अनहोनी की हालत में उनके परिवार को उठाना पड़ सकता है। इसीलिए सही रणनीति यही है कि बीमा और निवेश को अलग-अलग रखें, ताकि इंश्योरेंस में सबसे बेहतर कवरेज और इनवेस्टमेंट में हाई रिटर्न, दोनों का पूरा-पूरा फायदा ले सकें। निवेश का अंतिम फैसला करते समय इक्विटी फंड में इनवेस्टमेंट से जुड़े मार्केट रिस्क को भी जरूर ध्यान में रखें।

## खबर संक्षेप

### नशा रोधी अभियान में सहयोग देंगे : मलिक

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी क्रप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई नशा रोको अभियान का स्वागत करते हुए हर संभव सहयोग का निर्णय लिया गया। संघ के अध्यक्ष यशपाल मलिक ने कहा कि सरकार की इस मुहिम से प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा। इसलिए संघ ने इस अभियान में सरकार का सहयोग करने का फैंसला लिया है। इस अवसर पर राजपाल कश्यप एडवोकेट, दीपक मित्तल, स.जगजीत सिंह, देवेंद्र राणा एडवोकेट, मांगेराम मलिक, दीपक देशवाल, प्रवीण शेरा, इरफान अली, मंयक मलिक, हरीश कुमार, रामअवतार शर्मा, दिनेश कुराना, सतीश शर्मा, राजेश कुमार, प्रिंयका शर्मा व अश्वनी कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव परढ़ाना में प्लाट से ट्रैक्टर व सेप्टिक टैंक चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अमित निवासी परढ़ाना व विक्रम निवासी नगर गोहाना के रूप में हुई। दोनों आरोपी ट्रैक्टर मालिक के पास ड्राइवर के रूप में काम करते थे। थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि साहिल की शिकायत पर थाना इसराना में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी।

### पुलिस ने दो चोर पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने डाहर शुगर मिल के सामने स्थित जूस की दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को शुक्रवार देर शाम गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोहित निवासी मतलौडा व राकेश निवासी डिकाडला के रूप में हुई। थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि अमित की शिकायत पर थाना इसराना में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

### परमपिता को हमेशा याद रखें : संत राजिंद्र

**पानीपत।** फादर्स डे एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विषेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जब हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं। यह विचार संत राजिंद्र सिंह ने फादर्स डे पर प्रकट किए हैं। इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं।

### वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन

**पानीपत।** 15 वीं एशिया महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए जलालपुर प्रथम गांव की महिला वॉलीबॉल खेल नर्सरी की खिलाड़ी प्रेरणा पुत्री विकास रावल का चयन हुआ है। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं नव ज्योति मॉडल स्कूल प्रबंधक राजेश शर्मा व प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने थाईलैंड में आयोजित 15वीं एशिया महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप अंडर 18 आयु वर्ग में चयन होने पर खिलाड़ी प्रेरणा व कोच सन्नी चौधरी को बधाई दी और अन्य खिलाडियों को आह्वान किया कि वो भी प्रेरणा से सीख लेकर अपने लक्ष्य की और आगे बढ़ें।

### अन्नपूर्णा वस्त्र वार्षिकोत्सव आज

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्थित दशहरा कमेटी सनौली रोड द्वारा संचालित श्री रघुनाथ धाम में अन्नपूर्णा वस्त्र एवं अनाज बैंक का वार्षिकोत्सव 16 जून को मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी रविंद्र शर्मा ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से श्री 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती तथा श्री 108 कांता देवी के सानिध्य में यह समारोह आयोजित किया जा रहा है।

### पूर्वांचल कल्याण संघ ने छबील लगाई

**पानीपत।** हरियाणा पूर्वांचल कल्याण संघ के सदस्यों ने आज सेक्टर 25 पार्ट 2 बसंत कुंज पास मीठे पानी का छबील लगाकर प्यासों को पानी पिलाया।

---

जनता की हर समस्या का हल करें अधिकारी : ढांडा

# मंत्री ने खुला दरबार लगाकर 135 समस्याएं सुनीं, जनता प्रसन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा जनसुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार प्रातः जिले के गांव बबैल के ग्राम सचिवालय में खुला जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों का ध्यान समाधान की तरफ होना चाहिए उन्हें यह नहीं देखना चाहिए की समस्या कैसी है। अधिकारी हर समस्या का समाधान निश्चित समय से पहले करने का प्रयास करें ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके। जनता दरबार में गांव के 135 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा व उनके निदान करने की मंत्री से अपील की। जनता दरबार में ज्यादा समस्याएं बिजली, पानी, जमीन, फैमिली आईडी से संबंधित आई। मंत्री ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बाद कहा कि जनता दरबार आज समय की मांग है। उनका हमेशा यही ध्यय रहा है कि किसी को किसी प्रकार की समस्या ना हो। मौजूदा सरकार लोगों की समस्याओं को प्रारंभ से ही गंभीरता ले से ले रही है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लोगों की एक-एक समस्या को सुनकर उसका मौके पर निदान करने का प्रयास करते हैं। मंत्री ने कहा कि वह जिले में जब भी मौका मिलेगा जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को दूर करेंगे। आने वाले समय में दो-दो गांव में रोजाना जनता दरबार लगाए जाएंगे। जनता दरबारों का समय दो घंटे निर्धारित किया गया है लेकिन समस्या ज्यादा आती है तो समय बढ भी सकता है। उन्होंने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है जिले में किसी भी व्यक्ति की कोई भी प्रॉब्लम दूर हो। हर आदमी खुशहाल व समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की ठोस पहचान बनी है। विदेश में भी आज प्रधानमंत्री के कार्यों की जय जयकार हो रही है। हरियाणा से प्रधानमंत्री का विशेष लगाव है। केंद्र में हरियाणा के तीन-तीन मंत्रियों को स्थान देना इस बात की तरफ संकेत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को और प्रगतिशील राज्य बनाना चाहते हैं। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में उनकी पार्टी का, उनकी कार्य प्रणाली का पूरी देश दुनिया में डंका बजेगा। हरियाणा विधानसभा के चुनाव में उनकी पार्टी पूर्ण बहुमत तक पहुंचेगी व विकास को निरंतर जारी रखेगी। खुले जनता दरबार में समस्या लेकर पहुंचे लोगों का उन्होंने अभिनंदन किया व विश्वास दिलाया कि उनके पास लिखित में जो कागज आया है उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। जनता दरबार में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उन्हें भूखे हुए फूलों की मलाई पहनकर उनका जोरदार अभिनंदन व स्वागत किया गया। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के एक्शन विनय रावल पब्लिक हेल्थ एक्शन संजय शर्मा, टीएम जसवीर हुड्डा, एसडीओ सर्वजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

---



**गोहाना।** कूलर का लोकापर्ण करते हुए महंत श्री बलबीर दास जी महाराज।

## गर्मी में प्यास बुझाने के लिए लगवाया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव बिचपड़ी निवासी जगबीर पूनिया ने गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए वाटर कूलर लगवाया। ग्रामीण ने यह वाटर कूलर महंत श्री बलबीर दास की प्रेरणा से अपने स्व. पिता रामनिवास पूनिया की स्मृति लगवाया। महीनेभर से शरीर को झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। समाजसेवी लोग जगह-जगह पर छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझा रहे हैं। गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए गांव बिचपड़ी निवासी जगबीर पूनिया ने गांव में घोलू पाना के कुंए पर वाटर कूलर लगवाया। वाटर कूलर लगवाने से यहां से गुजरने वाले राहगीरों को गर्मी में प्यास बुझाने के लिए ठंगा पानी पीने को मिलेगा। इस सेवा के अवसर पर चेयरमैन मनोज कुमार, सरपंच जसबीर उर्फ जस्सा, अमित पूनिया, वीरभान खासा और अक्षय बंसल उपस्थित रहे।

### ईदगाह बस्ती की मुख्य मस्जिद में अता होगी नमाज

**गोहाना।** सोमवार को ईद-उल-जुहा यानी बकरीद पर शहर में वार्ड नंबर 8 में स्थित ईदगाह बस्ती की मुख्य मस्जिद में नमाज सुबह 8 बजे अता होगी। यह जानकारी शनिवार को मौलाना मोमिन ने दी। उनके अनुसार पूर्व वर्षों में बकरीद पर नमाज सुबह 9 या 9:30 बजे अता होती थी। लेकिन इस बार गर्मी ज्यादा होने से इसे जल्दी और 8 बजे ही अता करवाने का निश्चय किया गया है।

---

## गंदे पानी की निकासी को लेकर प्रदर्शन किया

- सड़क पर खड़े गंदे पानी से पैदा हो रहे मक्खी-मच्छर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** गंदे पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते शास्त्री कालोनी वासी।

समालखा में श्याम बाबा मंदिर चुलकाना धाम में आने वाले भक्त सड़क पर पानी भरा होने से परेशान हैं। इसकी वजह से यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। बता दें कि समालखा फ्लाईओवर खत्म होते ही शास्त्री कॉलोनी में नालों की सफाई व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर खड़ा रहता है। जिससे देश के कोने कोने से आने वाले श्री श्याम बाबा के भक्तों के साथ आस पास के गांवों के लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर खड़े गंदे पानी से मक्खी मच्छर पैदा हो रहे हैं जिससे अनेक बीमारियां पनप रही हैं। हालांकि सरकार द्वारा मानसून से पहले सभी नाले नालियों की सफाई व्यवस्था को लेकर कार्य करने की बात कही जा रही है लेकिन समालखा की शास्त्री कालोनी में नालों की सफाई कराने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। सरकार व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सोनू शर्मा समालखा, देवेंद्र कुहाड़, संजय घणघस, डब्बू पंजाबी ने बताया कि जब हम अपनी शिकायत लेकर नगर पालिका चेयरमैन अशोक कुछल के पास जाते हैं तो चेयरमैन बताते हैं कि यह हमारे क्षेत्र से बाहर हैं हम वहां सफाई नहीं करा सकते। वहीं पीडब्ल्यूडी वालों ने नाला और सड़क बनाई हुई है। लेकिन उसके बाद इसकी सफाई की जिम्मेदारी किसकी है। इस बारे में कोई भी अधिकरी अपने ऊपर जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। कालोनी वासियों ने मीडिया के माध्यम से उपायुक्त पानीपत और सरकार से मांग की है कि इस समस्या का जल्दी से जल्दी समाधान कराया जाए। इस अवसर पर बिजेंद्र डॉ, रोहित शर्मा, सुरेन्द्र चौहान, राजा, नरेश शर्मा, ओमप्रकाश डॉ.,नीरज, बलवान, राजकुमार फौजी, धर्मवीर कुहाड़ आदि मौजूद रहे।

---

## प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनेगी : गुलिया

- कांग्रेस सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** कांग्रेस नेत्री संतोष गुलिया सम्मेलन का न्योता देते हुए।

कांग्रेस नेत्री संतोष गुलिया ने बताया कि मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में 21 जून को होने वाले सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। गुलिया ने बताया कि सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष हरियाणा भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। गुलिया ने गन्नौर हलके के कार्यकताअरं से सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन को लेकर कार्यकताअरं में उत्साह है। प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पूरे प्रदेश में विधानसभाओं में जीत होकर पूर्ण बहुमत से पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

---

## बच्चों को सिखाई जा रही कला



**सोनीपत।** शिविर में बच्चों को कला सिखाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के गढी ब्राह्मण स्थित राजकीय स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बच्चों को अलग-अलग कला सिखाई जा रही है। इसमें 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ सीखेंगे मूर्तिकला का हुनर सिखाया जा रहा है। जिला के विभिन्न सरकारी स्कूलों के लगभग 40 से50 विद्यार्थी सीखेंगे मूर्तिकला के अब स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी टाबर उत्सव के तहत किताबी ज्ञान के साथ साथ मूर्तिकला का हुनर सीख रहे हैं। हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम 30 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चलेगा।

---

## व्यापारी नेता लक्ष्मीचंद को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** व्यापारी नेता लक्ष्मी चंद गुप्ता को श्रद्धांजिल देते पानीपत के व्यापारीगण।

हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक एवं जीवनभर व्यापारियों के हकों की आवाज उठाने वाले व्यापारी नेता स्व.लक्ष्मी चन्द गुप्ता की पुण्य तिथि शनिवार को हरियाणा व्यापार मंडल के सनौली रोड शिव चौक के पास कार्यालय में मनाई गई। हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं उद्योगपति राकेश चुघ व अन्य व्यापारियों ने स्व.लक्ष्मी चंद गुप्ता की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि दी। राकेश चुघ ने कहा कि स्व.लक्ष्मी चंद गुप्ता ने व्यापारियों के हित में हरियाणा व्यापार मंडल की स्थापना की। उन्होंने जीवनभर व्यापारियों के हकों की आवाज उठाई और व्यापारियों के हकों के लिये लक्ष्मी चंद गुप्ता को कई बार जेल भी जाना पडा लेकिन फिर भी व्यापारियों के हकों की आवाज को उठाने में कभी पीछे नहीं हटे। उनको सेल्स टैक्स बैरियर की समाप्ति, महसूल चुंगी की समाप्ति तथा वैट को लगाए जाने के विरोध में हरियाणा बंद के समय गिरफ्तार किया गया। हरियाणा में 1966 से लेकर 2004 तक जितनी भी सरकार बनी उनमें लक्ष्मी चन्द गुप्ता की अहम भूमिका रहती थी लेकिन सरकार बनने के बाद उसी सरकार के खिलाफ व्यापारी हितों के लिए मोर्चा खोलकर आंदोलन की राह पकड़ लेते थे। हालांकि अनेक बार हरियाणा की सरकारों ने लक्ष्मी चन्द गुप्ता को प्रलोभन देने की कोशिश की लेकिन गुप्ता ने कभी भी अपने वसूलों और व्यापारियों के हितों के लिए समझौता नही किया। राकेश चुघ ने कहा कि हमें स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता के दिखाये गये रास्ते पर चलकर व्यापारियों के हकों की आवाज को बुलंद करना चाहिये। इस अवसर पर हरीश बजाज, स.सहब सिंह, जोनी चावला, रवि धमीजा, राजकुमार मिगलानी, पवन गर्ग, विपिन चावला व अमित नरूला आदि मौजूद रहे।

---

### शोधपत्र यूजीसी केयर एवं स्कोपस इंडेक्स्ड जर्नल में प्रकाशित

**सोनीपत।** गेटवे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के शोधकताअरं डॉ. विनय कुमार सिंगल (प्राचार्य), डॉ. शीशपाल और बीबीए छात्रा खुशबू सरोहा व रशिका ने हरियाणा के उपभोक्ताओं की 5जी तकनीक की निजी राय पर रिसर्च किया। इस शोध पत्र के लिए शरुआत में 500 लोगो पे सर्वे किया गया जिनको पुरे हरियाणा से रिसर्च में शामिल किया गया। दोनों विद्यार्थियों द्वारा इस रिसर्च को शोध रिसर्च पेपर में प्रवर्तित किया गया और यूजीसी केयर में लिस्टेड जर्नल इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च एंड एनालिटिकल रीवियुस में प्रकाशित किया गया। शोधकर्ता डॉ. शीशपाल ने शिक्षण कौशल/विशेषज्ञता और शिक्षक-छात्र रिलेशनशिप ट छात्रों की सीखने की संतुष्टि पर रिसर्च किया। यह शोध पत्र विश्व के टॉप एवं स्कोपस इंडेक्स्ड, एबीडीसी लिस्टेड जर्नल ह्यइंटरनेशनल जर्नल ऑफ नॉलेज एंड लर्निंग में प्रकाशित हुआ है।

---

निरीक्षण | पुलिस कप्तान ने थाना किला व चांदनी बाग जांचे

# लंबित केसों का जल्द निपटारा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अधीक्षक अजीत शेखावत।

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने थाना किला व थाना चांदनी बाग का औपचारिक निरीक्षण कर जोन के पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व अनुसंधानकर्ताओं के साथ क्राइम मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी शेखावत ने शनिवार को थाना किला व थाना चांदनी बाग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थाने के रिकार्ड के रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरिक, मैस व मालखाना का जायजा लिया और खामियों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत क्राइम कंट्रोल के संबंध में जोन के पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व अनुसंधानकर्ताओं की थाना में क्राइम मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा, थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह, एसपी रिडर एएसआई सुभाष, स्टेनो राजबीर व थाना में तैनात अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहें। वही, एसपी शेखावत ने मीटिंग में सर्वप्रथम थाना के प्रत्येक कर्मचारी की ड्यूटी बारे जानकारी लेकर कानून एंव व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर थाना प्रबंधक व अनुसंधानकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। वही, दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें। पीओ, बेल जंपर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। मादक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे आरोपियों के अतिरिक्त पीओ, बेल जम्पर अपराधियों की संम्पत्ति जब्त करने की प्रक्रिया को अमल में लाए। महिला विरूद्ध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सचेत होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाही अमल में लाए।

### गश्त तेज करने के निर्देश

*क्षेत्र में विशेष तौर से पेट्रोलिग व गश्त बढ़ा कर लूट व चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जाए। जिस स्थान पर बार-बार चोरी या लूट की घटनाएं हो रही है, वहां पर स्पेशल डयूटिंया लगाकर अपराध पर रोक लगाए। आदतन अपराधियो पर विशेष रुप से नजर रखे व समय-समय पर उनके बारे पूछताछ करते रहें। आपराधिक घटना घटीत होनें की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुचें।*

### जनसमस्याओं का प्राथमिकता से हल करें

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने निर्देश दिए की थाना, चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अच्छे से सुनवाई कर तय समय के दौरान उचित कार्रवाई करें। किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें। क्षेत्र में आमजन के साथ अच्छा तालमेल बना निरंतर गश्त कर शरारती व अपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाही अमल में लाए। अपराधिक प्रकार की घटना घटीत होनें की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुचें।

---




**खरखौदा।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते आयोजक।

## अमेरिका के नासा एनएसएस के आईएसडीसी सम्मेलन में विद्यार्थियों ने मचाई धूम

**खरखौदा।** श्री चैतन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका के नासा के निर्देशन में एन एस एस द्वारा चलाए गए आई एस डी सी सम्मेलन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल अकादमिक डायरेक्टर सीमा ने बताया कि इस सम्मेलन में विश्व के 30 देशों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें उनके स्कूल के 167 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्पेस सेटेलमेंट कॉन्टेस्ट में भारत से 28000 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें 639 विद्यार्थी उनके स्कूल की संस्था से थे। विश्व स्तर पर उनके स्कूल के विद्यार्थियों ने 62 प्रोजेक्ट में पहला, 7 प्रोजेक्ट में दूसरा, 15 प्रोजेक्ट में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस सम्मेलन में लिटरेरी मेरिट वर्ग में 500 डॉलर का पुरस्कार उनकी संस्था को दिया गया है। इस दौरान विद्यार्थियों को अमेरिका के विभिन्न शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**खरखौदा।** मंडोरा गांव से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। बीरमति बताती हैं कि उसका 33 वर्षीय पुत्र अमित घर से बाहर गया था। लेकिन वह शाम तक घर नहीं लौटा।जिसकी परिजनों द्वारा सभी जगह तलाश की गई, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। उसने पुलिस को सूचना देकर पुत्र की तलाश करने की अपील की है ।

### चोरी की कार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर।** क्राइम यूनिट गन्नौर की पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को चोरी की कार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजय उर्फ जीता उर्फ कद्दु निवासी बिठमझ जिला हिसार हाल सिंघु दिल्ली का रहने वाला है। क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम ने गुप्त सूचना पर गुमड़ रोड बीएसटी के सामने नाकाबंदी कर अजय उर्फ जीता उर्फ कद्दू को चोरी की हुई मारूती बलैनो कार सहित गिरफ्तार किया।

### खोखे की कुंडी तोड़कर सामान चोरी

**गोहाना।** शहर में रोहतक रोड स्थित बस स्टैंड के निकट से खोखे की कुंडी तोड़कर सामान चोरी कर लिया गया। दुकानदार सुबह आया तो उसे चोरी का पता चला। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव मुंडलाना के जयभगवान ने पुलिस को बताया कि उसने लगभग पांच साल से शहर में बस स्टैंड के निकट ट्रक यूनियन के पास चाय का खोखा कर रखा है। शुक्रवार रात लगभग साढ़े 10 बजे वह खोखा बंद करके घर चला गया था। शनिवार सुबह आया तो खोखे की कुंडी टूटी मिली। चोर खोखे से फ्रिज, गैस सिलेंडर, दो गैस चूल्हे और अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### पैसे इन्वेस्ट करवाने का झांसा देकर 50 हजार ठगे

**महम।** फरमाणा गांव के एक व्यक्ति के साथ मार्केट में पैसे इन्वेस्ट करवाने और उसके बाद प्रोफिट देने का लालच देकर 50 रुपए की ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा खास गांव निवासी प्रदीप ने बताया कि उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। सामने वाले ने उसको कहा कि वे मार्केट में पैसे इन्वेस्ट करवाते हैं और आपको प्रोफिट भी दिलाएंगे।

## एमजेएफ वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने जताया क्लब सदस्यों का आभार

# मेलबर्न में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए रवाना हुए पीएमजेएफ

- जी टी रोड स्थित कनक गार्डन में शनिवार को उनके रवाना होने से पूर्व लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321-ए2 के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। पीएमजेएफ लायन विनित गोयल, पूजा गोयल एमजेएफ वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर समिंदर गर्ग, उमेश गर्ग का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

लायन्स इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 321-ए12 के आगामी नए सत्र के चयनित जिला पीएमजेएफ लायन विनित गोयल व लायन पूजा गोयल व उनके साथ जा रहे एमजेएफ वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2024-2025 समिंदर गर्ग, उमेश गर्ग और मेलर्बन में अन्र्तराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हुए।

जी टी रोड स्थित कनक गार्डन गार्डन में शनिवार को उनके रवाना होने से पूर्व लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321-ए2 के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही लायन रवि मेहरा पीडीजी, समिति 2024-2025 के अध्यक्ष डीजी मानद, डा. दिनेश दीपक जोशी सलाहकार बोर्ड, जिला गवर्नर 2023-2024 भारत भूषण दुआ, दिनेश बत्रा प्रथम उप जिला गवर्नर, लायन उमेश गर्ग द्वितीय वाइस डिस्ट्रक्ट गवर्नर का फूलमालाओं व पुष्प गुच्छ से अध्यक्ष बान वायेज लायन मनीष बसंल, को चेयरमैन लायन नरेन्द्र बान वायेज ने कहा कि हमारे क्लब के लिए यह बडे. गर्व की बात है कि आज हमें इस क्षण का मौका मिला है।

जिला पीएमजेएफ लायन विनित गोयल ने कहा कि कल्ब का नया गर्वनर बनने के बाद शपथ ग्रहण के लिए जाते है। वे लायन्स क्लब गन्नौर बेहतर कार्य कर रहा है। सभी क्लब के सहयोग से आगे बढेगे। उनका प्रयास रहेगा कि ग्लोबल वार्मिग रोकने के लिए पौधारोपण, जरूरतमंद की मदद, जल बचाओं आदि मुहिम चलाएंगे। एमजेएफ वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2024-2025 समिंदर गर्ग ने कहा कि आज हमारे लिए बड़ा खुशी का क्षण है कि हम अपने भाई के साथ कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे है। इस मौके पर जिला कैबिनेट सचिव परियोजनाएं दीपक पोपली, मुकेश बंसल, जिला कैबिनेट कोषाध्यक्ष पवन के आर शर्मा, आर एन गुप्ता, कमल विंग, चित्रा तलवार आदि मौजूद थे। इस मौके पर गन्नौर क्लब के पूर्व प्रधान विपिन त्यागी, विजय कुमार, सोनू गोयल, राजेन्द्र गोस्वामी, पार्षद शमशेर सैनी, आर पी वर्मा, हरविन्द्र त्यागी आदि क्लब के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# पीपीपी की डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन की समस्याओं का हो रहा है समाधान : एडीसी

- जिला में ग्रामीण व शहरी स्तर पर 22 जून तक लगभग 328 जगह पर कैंप आयोजित किए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

परिवार पहचान पत्र की डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन को लेकर आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने एक पहल शुरू की है, जिसके अंतर्गत लोगों की इन समस्याओं का समाधान उनके घर द्वार पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में नागरिक संसाधन सूचना विभाग की ओर से लोगों की सुविधा के लिए जिला में ग्रामीण व शहरी स्तर पर 22 जून तक लगभग 328 लोकेशन पर विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि विशेष कैंपों के माध्यम से लोगों की परिवार पहचान पत्र की डाटा वेरिफिकेशन व अपडेशन को लेकर आ रही समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इन विशेष कैंपों में फैमिली आईडी में बच्चे का नाम जुड़वाना, व्यवसाय, डुप्लिकेट मोबाईल नंबर, बैंक खाता से संबंधित कार्य, जन्म तिथि संबंधित कार्य, वैवाहिक स्थिति, परिवार पहचान पत्र से सदस्य का नाम हटवाना, सदस्य का नाम जुड़वाना, जाति, दिव्यांग डाटा दर्ज करवाना, पिता, माता, पत्नी या पति का नाम ठीक करवाने से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को आयोजित विशेष कैंपों में 1820 लोगों के बुढ़ापा से संबंधित कागजात अपलोड किए गए। इसके अलावा 551 लोगों ने आय ठीक करने, 84 लोगों ने जाति वैरिफाई, 212 लोगों ने पेंशन सहमति अपलोड करने, 2332 लोगों ने अन्य डाटा सें संबंधित आवेदन किया।

# पेयजल पाइपलाइन को बदलवाने के लिए सीएम विंडो पर लगाई गुहार

## गढ़ी कला में फिरनी के पास दबी पाइपलाइन हो चुकी है क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गढ़ी कला गांव में फिरनी के पास दबी पाइपलाइन पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी है। जिस वजह से फिरनी के साथ लगते मकानों में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग में पाइपलाइन नए सिरे से दबाने की मांग कई बार की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसके चलते ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर शिकायत दी है। सीएम विंडो पर दी शिकायत में गढ़ी कला गांव के श्यामबीर ने बताया कि उनके गांव में फिरनी की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त अवस्था में है। पाइपलाइन लगभग 25-30 साल पहले लगाई गई थी। इसके बाद विभाग द्वारा न तो पाइपलाइन की कभी मरम्मत की गई और न ही विभागीय अधिकारी द्वारा इसका निरीक्षण किया गया। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की वजह से यहां दूषित पेयजल सप्लाई होती है। जिस कारण फिरनी के आस-पास के लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से भी पाइपलाइन ठीक करवाने के लिए गुहार लगाई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने सीएम विंडो के माध्यम से मुख्यमंत्री से उनके गांव की फिरनी व फिरनी से लगते मकानों के पास की पेयजल पाइपलाइन को नए सिरे से लगवाए जाने और विभाग के अधिकारियों को समय पर यह काम करने के लिए निर्देश देने की गुहार लगाई है।

# हरियाणा सिविल सेवा में चयनित शिखा का स्वागत करते हुए बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई। खेवड़ा गांव की शिखा का आप नेता एवं हन्नी मार्डन स्कूल के चेयरमैन मास्टर सतनारायण आंतिल स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

खेवड़ा गांव की हरियाणा सिविल सेवा में चयनित एचसीएस अलाइड में चयन होने पर खेवड़ा गांव की शिखा का आप नेता एवं हन्नी मार्डन स्कूल के चेयरमैन मास्टर सतनारायण आंतिल ने मीठा मुंह करवाकर बधाई दी। आंतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि चयनित शिखा शुरू से बाहरवीं कक्षा तक स्कूल की बहुत ही होनहार छात्रा रही है। उनके चयन से स्कूल के शिक्षकों को गर्व है। आंतिल ने कहा कि शिखा का सपना था कि वे सरकारी सेवा में जाकर समाज के लोगों की सेवा करना चाहती थी। उसी सपने का उनकी मेहनत ने साकार कर लिया है।

# स्वर्गीय लक्ष्मीचंद गुप्ता की 20वीं पुण्यतिथि मनाई

- लक्ष्मी चंद गुप्ता ने प्रदेश में व्यापारियों के लिए संघर्ष किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचें भाजपा नेता एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार एवं राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने कहा है कि स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता बचपन से ही क्रान्तिकारी विचारों से परिपूर्ण थे और उनके लिए व्यापारियों के हित सर्वोपरि थे चाहे उन्हें व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए अपनी सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए मैदान में ही क्यों ना कूदना पड़ा। राजीव जैन शनिवार को सिद्धार्थ कॉलोनी में स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की 20वी पुण्यतिथि पर जिला व्यापार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि करने के बाद व्यापारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी चंद गुप्ता ने प्रदेश में चुंगी हटवाने, सेल्स टैक्स बैरियर हटवाने, वैट समेत अनेकों मुद्दों पर व्यापारियों के लिए संघर्ष किया।

कार्यक्रम में लक्ष्मी चंद गुप्ता के सुपुत्र एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष विजय गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजय सिंगला, पूर्व वाईस चेयरमैन संजय वर्मा, अरविन्द मित्तल, राजबीर सैनी, पुनीत जांगड़ा, बलराज वशिष्ठ, राजू, सुनील सहजादपुर, रामनिवास सिंगला, कांति शर्मा, प्रदेश सचिव, अधिवक्ता नितिन जांगड़ा, अंकुर शर्मा सहित अनेकों व्यापारी उपस्थित रहे।

## दान स्वरूप गऊ सेवक को भेंट की एम्बुलेंस

**खरखौदा।** शहर के वार्ड 13 निवासी गौरव पुत्र संजय ने एम्बुलेंस रूपी सुपर कैरी नामक वाहन गऊ रक्षक श्री बालाजी को दान किया है। गऊ रक्षक सुशील महाराज ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वे पिछले 15 वर्षों से घायल व असहाय पशुओं की निःशुल्क सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि खरखौदा के अलावा हरियाणा सहित अन्य राज्यों से सूचना मिलने पर भी बीमार, घायल व असहाय पशुओं को गऊ रक्षक श्री बालाजी खरखौदा में लाकर उपचार करते हैं। गंभीर रूप से घायल या बीमार होने पर पशुओं को रोहतक लावारिस पशु पीड़ित सेवा संघ व झज्जर के गोकुल धाम महातीर्थ में पशुओं में भेजा जाता हैं। जहां वे सभी पशुओं व पक्षियों का उपचार करते हैं। सुशील महाराज ने गौरव का आभार व्यक्त किया और बताया कि कोई भी व्यक्ति इस 9728168324 पर बीमार, घायल व असहाय पशुओं की सूचना दे सकता है। एंबुलेंस सेवा निःशुल्क है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# कैंची घाम का स्थापना दिवस मनाया, भंडारा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

नीम करोली बाबा के कैंची धाम के स्थापना दिवस पर शनिवार को बाबा के अनुयायियों द्वारा मीठे पानी की छबील व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के अनेक गणमान्य लोगो व हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा श्री नीम करोली महाराज (कैंची धाम वाले) भक्तजन समिति सोनीपत के संरक्षक संजय सिंगला व प्रधान पुनीत जांगड़ा ने बताया कि नीम करोली महाराज को बजरंगबली जी का अवतार माना जाता है और इनका कैंची धाम उत्तराखंड में नैनीताल के पास स्थित है। नीम करोली बाबा कहते है कि जो इंसान अपने धन का कुछ हिस्सा जरूरतमंदो को बांटता है वह हमेशा खुशहाल रहता है। भंडारे की शुरूआत हवन से की गई जो स्वामी दयानन्द सरस्वती के सानिध्य मे किया गया। हवन में मेयर निखिल मदान ने भी आहुति डाली। भंडारे मे विधायक सुरेंद्र पवार, भाजपा नेता व मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन, पब्लिक इंटरप्राइजीज के पूर्व चेयरमैन ललित बत्रा, व्यापार मंडल के चेयरमैन संजय वर्मा, कांग्रेस नेता जयभगवान, बलराज वशिष्ठ, राजेश खोलिया, अभय कुशवाहा, मनोज शर्मा, प्रदीप उपाध्याय, एडवोकेट नितिन जांगड़ा, एडवोकेट अरविन्द मित्तल, गोविन्द, सुनील शहजाद पुर, राज खरब, अर्जुन पंडित, अंकुर, सुनील जांगड़ा, पुनीत हुड्डा, दीपक सैनी आदि ने हिस्सा लिया।

# बीच बचाव करना पड़ा भारी, युवक पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव चिटाना में कहासुनी कर रहे युवकों का बीच बचाव करना किशोर को भारी पड़ गया। इसी रंजिश में एक युवक ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

किशोर के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव चिटाना निवासी आर्यन (17) ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव में साहिल व निशांत कहासुनी कर रहे थे। तब उसने बीच बचाव करा दिया था। जिस पर निशांत ने उन्हें धमकी दी थी। वह उनसे रंजिश रखे हुए था। 13 जून को वह माता के मंदिर के पास निशांत, तनुज और एक अन्य युवक बाइक पर सवार होकर उनके पास आए थे। तीनों ने उनके साथ झगड़ा शुरू दिया। मारपीट कर निशांत ने धारदार हथियार से उनके पेट के पास वार कर दिया। तनुज व उसके साथी ने लात-मुक्के मारकर घायल कर दिया। उसके बाद उनके ताऊ पवन के आने पर हमलावर उन्हें मारने की धमकी देकर भाग गए। उनके ताऊ ने उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया।

# राधास्वामी सत्संग डेरा ब्यास के प्रमुख ने आनंदमूर्ति गुरुमां से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। आनंदमूर्ति गुरुमां से स्नेहिल भेंट करते राधा स्वामी सत्संग डेरा ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों।

राधा स्वामी सत्संग डेरा ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों शनिवार को जीटी रोड स्थित आनंदमूर्ति गुरूमा आश्रम में पहुंचे।

आनंदमूर्ति गुरुमां ने बाबा गुरविंदर सिंह का पूरे आदर के साथ सत्कार किया।

इसके बाद दोनों संतो ने आध्यात्मिक व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। गुरुमा ने बाबा गुरविंदर को आश्रम के विविध विभागों से भी परिचित करवाया। आनंद मूर्ति गुरुमा ने बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों को स्मृति चिह्न भेंट किया।

### राधा स्वामी सत्संग घर भी गए बाबा

राधा स्वामी सत्संग डेरा ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों दिल्ली से हैलिकाप्टर में गन्नौर पहुंचे। जीटी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में हैलिपैड बनाया गया था। यहां से बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों बाय रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग घर में पहचे। इस दौरान बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों के दर्शन के लिए काफी संख्या में लोग राधा स्वामी सत्संग घर में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने प्रवचन की रसधारा से संगत को निहाल किया।

# पीएम सम्मान निधि की किस्त रुकी है तो करवाएं ई-केवाईसी



गोहाना। गांव आहुलाना में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए सहायक तकनीकी प्रबंधक कृष्ण खासा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

जिन भी किसानों की पीएम सम्मान निधि की 6 हजार रुपए की राशि रुकी हुई है, उनको 18 जून तक ई-केवाईसी करवानी होगी। शनिवार को यह जानकारी आहुलाना गांव में आयोजित समाधान शिविर में सहायक तकनीकी अधिकारी कृष्ण खासा ने दी।

विभाग के एसडीएओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा के आदेश पर कर्मचारियों की टीमें इस समय गांव-गांव जा रही हैं। ये टीमें किसानों की पी.एम. किसान सम्मान निधि से जुड़ी समस्याएं सुन और दूर कर रही हैं। इसी कड़ी में सहायक तकनीकी अधिकारी कृष्ण खासा की टीम आहुलाना गांव में पहुंची।कृष्ण खासा ने कहा कि जिन भी किसानों की यह सम्मान निधि रुकी हुई है, उन सब को 18 जून तक किसी अटल सेवा केंद्र में जा कर या अपने मोबाइल फोन से स्वयं ई-के.वाई.सी. करनी है। जिन किसानों ने अपना मोबाइल नंबर या घर का पता बदला है, उनको भी ई-के.वाई.सी. करवानी होगी। सहायक तकनीकी अधिकारी ने कहा कि पी.एम. किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त 18 जून को किसानों के खातों में आ जाएगी।




राई। जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक कर सफाई का संदेश दिया

**राई।** सेवा पखवाड़े के तहत निगम के वार्ड नंबर 8 में सफाई अभियान शुरू करवाया गया। अभियान की शुरूआत जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने करते हुए कहा कि वार्ड को साफ और स्वच्छ रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर लोगों को गिला व सुख कूड़ा अलग-अलग डालने के लिए भी जागरूक किया गया और कूड़े को इधर-उधर ना फेंक कर कूड़े की गाड़ी में ही डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीणों को एकजुट होकर अपने गांव की साफ- सफाई का ध्यान रखना चाहिए, तभी हमारा गांव स्वच्छ हो पाएगा। उन्होंने कहा कि जहां सफाई होती है, वहां देवताओं का वास होता है। सफाई रखने से बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजू थे।